HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN

F.Y. Reg. No. ..................................... **803**

July 2017

Name .........................................

# First Year Higher Secondary Improvement Examination

## Part - II

## HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool off time : 15 Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are neither allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Read the questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except nonprogrammable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना :** निम्नलिखित कवितांश पढ़िये और 1 से 4 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

मैं न बोला, किंतु मेरी रागिनी बोली,
चाँद! फिर से देख, मुझको जानता है तू?
स्वप्न मेरे बुलबुले हैं? है यही पानी?
आग को भी क्या नहीं पहचानता है तू!
मैं न वह जो स्वप्न पर केवल सही करते,
आग में उसको गला लोहा बनाती हूँ,
और उसपर नीव रखती हूँ नए घर की,
इस तरह, दीवार फौलादी उठाती हूँ ।

**प्रश्न :**

1. प्रस्तुत कवितांश के कवि कौन है?
(पवन करण, चंद्रकांत देवताले, रामधारीसिंह 'दिनकर', जयशंकर प्रसाद) **(1)**

2. कवि के बदले यहाँ कौन बोलता है? (1)

3. स्वप्न को कवि कैसे बना देते है? (2)

4. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखिए । (6)

सूचना : निम्नलिखित खंड पढ़िये और 5 से 10 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

दरवाज़े की घंटी बजी । कमरे के अंदर से मैंने अपने नौकर रामदीन से कहा, 'देखो तो कौन है?', 'जी । डॉ. विशाल है और आपसे मिलना चाहते है' रामदीन ने उत्तर दिया। टेलिफोन पर बात करते करते ही मैंने कहा, 'रामदीन उन्हें ड्राईंगरूम में बिठाओ, मैं अभी आता हूँ और हाँ, सुनो, वहीं कुछ पत्र-पत्रिकाएँ रखी है, उन्हें डाक्टरसाहब को पढ़ने के लिए दे देना'। रामदीन को ऐसा आदेश देकर मैं टेलिफोन पर अपने कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी से बात करने लगा । जब बात पूरी करके ड्राईंगरूम में वापस लौटा तो डाक्टरसाहब को वहाँ बैठा न पाकर हैरान रह गया । तभी रामदीन आकर बोला, 'अरे साहब, आप अब आ रहे है, डाक्टरसाहब तो चले गए ।' अब मेरी समझ में आया कि एक मिनट के लिए अपनी व्यस्तता छोड़कर अचानक घर आए मेहमान का स्वागत जरूर करें ।

(वरिष्ठ अधिकारी - senior officer, हैरान रह गया - आश्चर्यचकित हो गया, व्यस्तता - काम में लिन (busy), आदेश - order)

प्रश्न :

5. लेखक से कौन मिलने आया? (1)

6. लेखक क्या कर रहे थे? (1)

7. लेखक ने रामदीन को क्या आदेश दिया? (2)

8. मेहमान के चले जाने के बाद लेखक को पश्चात्ताप होता है । उस दिन की लेखक की डायरी लिखिए । (7)

9. उपर्युक्त खंड का संक्षेपण कीजिए । (6)

10. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक लिखिए । (1)



HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN

HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN



**सूचना :** निम्नलिखित 11 से 16 तक के अंग्रेजी शब्दों का उचित हिंदी शब्द कोष्ठक से चुनकर मिलान कीजिए । **(6)**

| संकेत, अनचाहा, प्रक्रिया, खाता जोडें, श्रेणियाँ, संचिका, साझा करें |
|---|

11. Categories
12. Symbol
13. File
14. Process
15. Spam
16. Add Account

**सूचना :** निम्नलिखित सहायक बिंदुओं के आधार पर विज्ञापन तैयार कीजिए ।

17. मान लिजिए, आपके इलाके में बच्चों के लिए नए पार्क का उद्घाटन होनेवाला है, उसके लिए विज्ञापन तैयार कीजिए । **(7)**

**सहायक बिंदु :**

- विभिन्न रैड्स (Rides)
- मेजिक केव (Magic cave)
- बच्चे, बूढ़े और युवा लोगों को लाभदायक
- टिकट :- छात्रों के लिए 50% की छूट

**सूचना :** निम्नलिखित दोहा पढ़िये और प्रश्न 18 एवं 19 के उत्तर लिखिए ।

लघुता से प्रभुता मिले, प्रभुता से प्रभु दूरि ।
चींटी ले शक्कर चली, हाथी के सिर धूरि ।।

18. 'सादगी' इस शब्द का समानार्थी शब्द कविता से ढूँढकर लिखिए । **(1)**

19. इस दोहे का भावार्थ लिखिए । **(4)**

सूचना : 'जुलूस' नाट्यरुपान्तर के इब्राहिम अली का निम्नलिखित कथन पढ़िए और प्रश्न 20 का उत्तर लिखिए ।

- हम दूकानें लूटने या मोटरें तोडने नहीं निकले हैं । हमारा मकसद इससे कहीं ऊँचा हैं ।
- हमें अपने भाईयों से लड़ाई नहीं करनी है ।
- जिस दिन हम इस लक्ष्य पर पहुँच जाऐंगे, उसी दिन स्वराज्य सूर्य का उदय होगा ।

20. उपरोक्त कथनों के आधार पर इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखिए । (4)

21. निम्नलिखित अंग्रेजी बातचीत का हिंदी में अनुवाद कीजिए ।

Mother : Sanjay, why are your clothes so dirty?

Sanjay : I was in our garden.

Mother : What were you doing there?

Sanjay : I was sowing some seeds.

Mother : Where did you get it from?

Sanjay : My teacher gave me some seeds of vegetables.

Mother : Good. Getting our clother dirty doesn't matter, when we are doing a good thing.

( dirty – मैले, garden – बगीचा, sowing seeds – बीज बोना) (6)



HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN

चना : निम्नलिखित **22** से **26** तक के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।
**(3 × 8 = 24)**

22. निम्नलिखित 'अपराध' कहानी का अंश पढ़िए ।

भाई ही मुझे क्षमा कर सकते है, जिन्हें मेरे झूठ का दंड भोगना पड़ा । उनसे मैंने इस घटना का ज़िक्र भी करना चाहा, लेकिन उन्हें वह घटना याद ही नहीं ।

इस प्रसंग के आधार पर छोटे भाई और बड़े भाई के बीच का वार्तालाप लिखिए ।

**सहायक बिंदु :**

- बचपन में खड़ब्बल खेलना
- खड़ब्बल चट्टान से टकराकर माथे पर लगाना
- माँ से आकर कहना, 'भाई ने मारा'
- पिताजी का बड़े भाई को खूब पीटना
- पश्चात्ताप होना

23. निम्नलिखित सहायक बिन्दुओं के आधार पर किसी मनपसंद फिल्म की समीक्षा कीजिए ।

**सहायक बिंदु :**

- फिल्म का कथासार
- पात्रों का अभिनय
- निदेशक की भूमिका
- पटकथा, संवाद, छायांकन, संपादन, गीत
- फिल्म की समग्रता पर अपना दृष्टिकोण



HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN

HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN



24. निम्नलिखित विषय पर सहायक बिंदु के आधार से सम्पादकीय तैयार कीजिए ।

विषय : 'किसानों की आत्महत्या रोकें'

**सहायक बिंदु :**

- शहरीकरण
- खेती करने की भूमि का अभाव
- किसानों को ऋण से मुक्त कराना
- कृषि नीति तय करना

25. निम्नलिखित सहायक बिन्दुओं के आधार पर आत्मकथांश तैयार कीजिए ।

आम की गुठलियाँ बोनेवाले बूढ़े आदमी से युवक मिला । युवक की आत्मकथा में इसी प्रसंग का उल्लेख है । वह आत्मकथांश कल्पना करके लिखिए ।

**सहायक बिंदु :**

- बूढ़े द्वारा आम की गुठलियाँ बोना
- जगह जगह अमराई
- बुजुर्गों का महत्वपूर्ण काम
- निस्वार्थ सेवा

HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN



26. निम्नलिखित सुर्खियाँ पढ़िए ।

| |
|---|
| मेडिकल कालेजों में डाक्टरों का अभाव |

| |
|---|
| मरीज़ों की भीड़ |

| |
|---|
| बढ़ती मेडिकल कालेजों की संख्या |

| |
|---|
| मेडिकल कालेजों से पढ़ाई करके निकलनेवाले डाक्टर देश की सेवा के लिए उपलब्ध नहीं |

मेडिकल कालेजों में लोगों की चिकित्सा सुविधा के लिए सरकार द्वारा की गई कारवाइयों की सूचना पाने के लिए अरुण कुमार 23/बी विद्यानगर, तिरुवनन्तपुरम की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, केरल सरकार, तिरुवनन्तपुरम के नाम सूचना अधिकार पत्र तैयार कीजिए ।